राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

सूक्ष्म वित्त योजना -ऊधमपुरजम्मू ,

सफलता की कहानी

लाभार्थी एवं स्व-सहायता समूह का नाम	**सुश्री विद्या “नालंदा स्व-सहायता समूह”**
जिला एवं राज्य	**ऊधमपुर, जम्मू**
योजना का नाम	**सूक्ष्म वित्त योजना**
ऋण स्वीकृति का वर्ष	**2017**
ऋण राशि	**रु. 3,00,000/-**
गतिविधि /व्यवसाय	**जूट बैग**
राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम	**जम्मू एवं कश्मीर वीमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन**

नालंदा स्व-सहायता समूह, हाउसिंग कॉलोनी, जिला-ऊधमपुर, जम्मू में कार्य कर रहा है। यह समूह एक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं का समूह है जो प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद एक स्व-सहायता समूह बना। इस बैच में सम्मिलित महिलाओं को NBCFDC की जम्मू एवं कश्मीर की राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी- ''जम्मू एवं कश्मीर वीमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन'' के माध्यम से निगम की कौशल विकास योजना के अंतर्गत पहले जूट से बने बैग एवं अन्य उत्पादों को तैयार करने हेतु प्रशिक्षित किया गया एवं स्व-सहायता गठन के उपरांत निगम की माइक्रो फाइनेन्स योजना के अंतर्गत ऋण सहायता उपलब्ध कराई गई।

इस समूह की प्रमुख सुश्री विद्या बताती हैं कि हमने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाली 15 महिलाओं का ''नालंदा स्व-सहायता समूह'' नामक एक स्व-सहायता समूह बनाया और ''जम्मू एवं कश्मीर वीमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन'' ने NBCFDC की माइक्रो फाइनेन्स योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 के मई माह में रू. 3 लाख का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया। समूह की प्रमुख विद्या बताती हैं कि हमारा समूह श्री माता वैष्णौ देवी बोर्ड के प्रसाद के लिए जूट बैग तैयार करता है। हमारे समूह द्वारा उत्पादों की आपूर्ति सैन्य अस्पताल, ऊधमनगर को भी की जा रही है। हमारा समूह ''जम्मू एवं कश्मीर वीमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन'' द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनियों में भी भाग लेता है, जो तैयार उत्पाद की बिक्री हेतु एक अच्छा अवसर होता है।

सुश्री विद्या कहती हैं कि समूह का कार्य ठीक चल रहा है और अच्छी आमदनी हो जाती है। हमारा समूह काफी उत्साहित है। हम सब NBCFDC तथा 'जम्मू एवं कश्मीर वीमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन'' के आभारी हैं कि उन्होंने प्रशिक्षण एवं ऋण सहायता के माध्यम से हमें एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराया है।